मेरा साईं है रंग रसियाँ

कभी शिव बन कर वो हम को भोले के दर्शन कराये,
कभी बन कर गुरु वो हमको गुरुबानी और शब्द सिखाये,
कभी बन के फकीरी वो हम को अलहाकी बाते है बताये,
होली खेल आये जैसे कृष्ण कन्हियाँ,
मेरा साईं है रंग रसियाँ,मेरा साईं है मन बसियाँ,

तू ही मेरी चाहत है और तू ही मेरा प्यार है,
तेरी ही रहमत से साईं मेरा बेडा पार है,
मेरी इस कश्ती का साईं तू ही खिवैयाँ,
मेरा साईं है रंग रसियाँ,मेरा साईं है मन बसियाँ,

मन के मंदिर में तो साईं तेरी ही बस मूरत है,
तू अल्लाह का नेक फ़रिश्ता और भगवान की सूरत है,
कोई पिता कहता है तुझको कोई कहे मैयां,
मेरा साईं है रंग रसियाँ,मेरा साईं है मन बसियाँ,

जिसको दुनिया ने ठुकराया तूने दिया सहारा है,
नैया जिसकी डूब रही थी तूने दिया किनारा है,
प्यार सभी से करता है शिरडी का सैया,
मेरा साईं है रंग रसियाँ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5239/title/mera-sai-hai-rang-rashiyan-mera-sai-hai-man-basiyan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |